लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

INDIA WILL EMERGE AS LEADER IN EVERY FIELD: LOK SABHA SPEAKER/भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना है: लोक सभा अध्यक्ष

…

YOUNG STUDENTS ARE CREATING A NEW INDIA: LOK SABHA SPEAKER/युवा विद्यार्थी नए भारत की नई तस्वीर बना रहे है: लोक सभा अध्यक्ष

…

DEMOCRACY AND DIVERSITY ARE INDIA’S STRENGTH: LOK SABHA SPEAKER/लोकतंत्र एवं विविधता देश की शक्ति है: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIA MOVING TOWARDS SELF-RELIANCE WITH SCIENCE AND TECHNOLOGY: LOK SABHA SPEAKER/विज्ञान और टेक्नोलॉजी की शक्ति से देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर: लोक सभा अध्यक्ष

…

WORLD'S NEXT 'BIG TECH' WILL EMERGE FROM INDIA: LOK SABHA SPEAKER/विश्व का अगला 'बिग टेक' भारत से निकलेगा: लोक सभा अध्यक्ष

…

INDIAN YOUTH HAVE DEMONSTRATED THEIR ABILITY IN ENTIRE WORLD: LOK SABHA SPEAKER/भारत के युवाओं ने सम्पूर्ण विश्व में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाई है: लोक सभा अध्यक्ष

...

STUDENTS OF IIT ROORKEE HAVE WORKED TO BRING SOCIO-ECONOMIC CHANGE THROUGH THEIR KNOWLEDGE AND SKILLS: LOK SABHA SPEAKER/IIT रुड़की के विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और कौशल से देश में आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन लाने का काम किया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES 175TH FOUNDATION DAY OF IIT ROORKEE/लोक सभा अध्यक्ष ने आईआईटी रुड़की के 175वें स्थापना दिवस को सम्बोधित किया

...

Roorkee; 25 November 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed the 175th Foundation Day of IIT Roorkee, today.

Addressing the students on the occasion, Shri Birla said that thousands of students who have graduated from IIT Roorkee have made their mark in the entire world on the strength of their talent, wisdom and skills and have worked to bring socio-economic change in the nation. Shri Birla expressed happiness that students of IIT Roorkee have brought laurels to India on the world stage.

Describing IITs as the nation's premier institute in the field of technology, Shri Birla said that the research and innovations at IITs have given a new direction to the country in areas ranging from climate, environment, medicine, to education, communication, and roads etc. Referring to the Fourth Industrial Revolution, Shri Birla said that the digital age and internet revolution have changed the whole world. He added that in the digital era, the common citizens have become more active participants in democracy.

Mentioning about India's ancient democratic legacy, Shri Birla said that India's democracy and diversity are the strength of the nation. He added that IIT Roorkee has made a huge contribution in taking the country forward on the path of progress during the Amrit Kaal of Independence. Speaking about the progress made by the

nation in the last seven decades, Shri Birla said that Indian scientists, doctors, businessmen and youth are establishing India's identity in the entire world. He added that today India's reputation has been established as a strong democracy and emerging economy in the world.

Referring to Prime Minister Shri Narendra Modi’s vision, Shri Birla said that India’s youth will contribute immensely towards fulfilling the dream of a developed India in 2047. He further said that today even at the global level, Indian youth are leading the way and are contributing towards solving the world's most complex problems through innovation, new technology, and research. Expressing joy, Shri Birla said that young students are building a New India. He expressed confidence that the nation has decided to make India a leader in every field.

Speaking about India’s fight against Covid-19, Shri Birla said that during the global pandemic, Indian youth proved that the nation is moving towards self-reliance with the help of science and technology. He expressed happiness that in current era, India has emerged as a global destination in every field. He said that today India is known all over the world as the hub of startups, who are at the forefront of solving global challenges and are taking the India's economy forward. Expressing confidence in the abilities of Indian youth, Shri Birla said that the next 'Big Tech' will emerge from India.

रुड़की 25 नवंबर 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज आईआईटी रुड़की के 175वें स्थापना दिवस को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए श्री बिरला ने कहा कि IIT रुड़की से पढ़कर निकले हजारों विद्यार्थियों ने सम्पूर्ण विश्व में अपनी प्रतिभा के बल पर पहचान बनाई है तथा अपने ज्ञान और कौशल से देश में आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन लाने का काम किया है। श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त किया की IIT रुड़की के छात्रों ने विश्व पटल पर भारत का नाम रौशन किया है।

आईआईटी को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का शीर्ष संस्थान बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि जलवायु, पर्यावरण, मेडिकल, शिक्षा, संचार, सड़क से लेकर जीवन के कई क्षेत्रों IIT के अनुसंधान व आविष्कारों ने देश और समाज को नई दिशा दी है। चौथी औद्योगिक क्रांति का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा की डिजिटल युग और

इंटरनेट क्रांति ने पूरे विश्व को बदल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल युग में देश का आम नागरिक अधिक सक्रियता से लोकतंत्र में भागीदार बन रहा है।

भारत की प्राचीनतम लोकतान्त्रिक व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत का लोकतंत्र एवं विविधता देश की शक्ति है। उन्होंने आगे कहा कि आज़ादी के अमृत काल में IIT रुड़की ने देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। गत सात दशकों में देश द्वारा की गई प्रगति का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत के वैज्ञानिक , चिकित्सक, व्यवसायी और युवा पूरे विश्व में भारत की पहचान बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत की साख दुनिया में एक विश्वसनीय लोकतंत्र और उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुई है।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि 2047 में विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भारत की युवा पीढ़ी का सबसे बड़ा योगदान रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज वैश्विक स्तर पर भी भारत के युवा नेतृत्व कर रहे हैं और नवाचार , नई तकनीक, एवं शोध के क्षेत्र में विश्व की सबसे जटिल समस्याओं के निवारण में अपना योगदान के रहे हैं। श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि युवा विद्यार्थी नए भारत की नयी तस्वीर बना रहे है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा की देश ने ठान लिया है कि भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना है

कोरोना काल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौर में भारतीय युवाओं ने सिद्ध कर दिया कि विज्ञान और तकनीक की शक्ति से देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रसन्ता व्यक्त की कि आज के युग में हर क्षेत्र में भारत एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत आज सम्पूर्ण विश्व में स्टार्टअप के केंद्र के रूप में जाना जाता है , जो वैश्विक चुनौतियों के साथ साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ा रहे हैं। श्री बिरला

ने भारत के युवा वर्ग की कार्यकुशलता पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व का अगला 'बिग टेक' भारत से निकलेगा।